<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>17.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे</u>

''आज के मुख्य समाचार''

- लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर आज संसद में फिर जारी रहेगी चर्चा।
- राज्यसभा में उप–सभापति पद के लिए आज होगा चुनाव–केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नडडा नामांकित सदस्य हरिवंश को राज्यसभा के उप सभापति के रूप में चुने जाने का करेंगे प्रस्ताव
- प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज होगी शिमला में–लिए जाएंगे आम जनता को लाभ पहुंचाने से जुड़े कई अहम फैसले।
- हिमाचल प्रदेश में पहली बार ग्लेशियर लेक अर्ली वार्निंग सिस्टम का किया जा रहा प्रशिक्षण–यह सिस्टम किसी भी संभावित खतरे की स्थिति में समय रहते चेतावनी जारी करने में होगा सक्षम
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में 19 अप्रैल तक मौसम खराब रहने की संभावना

महिला आरक्षण विधेयक

लोकसभा में आज संविधान संशोधन विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पर आगे चर्चा होगी। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संविधान अधिनियम, 2023 के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में लगभग एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कल लोकसभा में संविधान विधेयक, 2026 लोकसभा में पेश किया था। इस विधेयक का उद्देश्य लोकसभा की सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करना है। 850 सीटों में से 815 सदस्य राज्यों से और 35 सदस्य केंद्र शासित प्रदेशों से चुने जाएंगे। कल लोकसभा में इन तीनों विधेयकों पर चर्चा के दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि देश की पचास प्रतिशत आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए।

राज्यसभा उपसभापति

राज्यसभा में आज उप–सभापति के लिए चुनाव होगा। केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा नामांकित सदस्य हरिवंश को राज्यसभा के उप सभापति के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के सांसद एस. फैंगनॉन कोन्यक प्रस्ताव का समर्थन करेंगे। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीमारामन और जयंत चौधरी, भाजपा अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद नितिन नवीन तथा जनता दल यूनाइडेट सांसद संजय कुमार झा भी राज्यसभा के उप सभापति के लिए हरिवंश के नाम का प्रस्ताव करेंगे।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में होगी। बैठक में बजट भाषण में की गई घोषणाओं को मंजूरी मिल सकती है। इसके अलावा प्रदेश पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनाव को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है। वहीं बैठक में विद्यार्थियों की कम संख्या वाले स्कूल व कॉलेजों को मर्ज करने के प्रस्ताव पर भी फैसला हो सकता है।

पंचायत चुनाव

पंचायत चुनावों को लेकर जिला चम्बा में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जिला निर्वाचन विभाग द्वारा आरक्षण रोस्टर जारी करने के पश्चात चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों में होड़ लग गई है। हालांकि अभी तक चुनावों का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है लेकिन उम्मीदवारों का आंकड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

अर्ली वार्निंग सिस्टम

हिमाचल प्रदेश में पहली बार ग्लेशियर लेक अर्ली वार्निंग सिस्टम का प्रशिक्षण किया जा रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एन डी एम ए और केंद्रीय एजेंसियों की पहल पर सी–डेक्ट द्वारा यह सिस्टम तैयार किया गया है जिसके तहत झील में विशेष सेंसर लगाए गए हैं, जो पानी के स्तर, तापमान और अन्य महत्वपूर्ण बदलावों की लगातार निगरानी करेंगे। किसी भी संभावित खतरे की स्थिति में यह सिस्टम समय रहते चेतावनी जारी करने में सक्षम होगा।

अधिसूचना

राज्य चयन आयोग ने अलग–अलग विषयों के अध्यापकों के 894 पदों को भरने के लिए अधिसूचना जारी की दी है। यह नियुक्तियां सीबीएसई स्कूलों में की जाएंगी। अभ्यर्थी 22 अप्रैल से 14 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अधिसूचना के अनुसार राजनीतिक शास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, कंप्यूटर अध्यापक, फाइन आर्ट, लोक प्रशासन और शारीरिक शिक्षक के पदों पर भर्ती की जाएगी।

## जनगणना–2027

देश के कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जनगणना 2027 के पहले चरण के अंतर्गत घर–घर जाकर मकानों का सूचीकरण और गणना का काम शुरू हो गया है। यह अभियान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम, नई दिल्ली, नगर पालिका और दिल्ली छावनी बोर्ड के क्षेत्रों में जारी है और 15 मई तक चलेगा। गृह मंत्रालय ने बताया है कि पहली बार शुरू की गई स्व–गणना सुविधा से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। लगभग 12 लाख परिवारों ने सफलतापूर्वक अपनी जानकारी ऑनलाइन जमा की है।

## मौसम

जनजातीय जिलों सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में 19 अप्रैल तक मौसम खराब रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हिमपात तथा कांगड़ा, कुल्लू मंडी, चंबा और शिमला के कुछ क्षेत्रों में अंधड़ और ओलावृष्टि व वर्षा का ऑरेंज जबकि अन्य क्षेत्रों में येलो अलर्ट जारी किया है।

## एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी का शीर्षक है 20 अप्रैल के बाद हो सकती है पंचायत व नगर निकाय चुनाव की घोषणा। दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है कांग्रेस का कोई भी सदस्य किसी भी पद पर लड़ सकता है पंचायत चुनाव। दैनिक जागरण का कहना है मंत्रियों व विधायकों पर चुनाव में जीत का जिम्मा, पर्यवेक्षक के रूप में होगी नियुक्ति।

प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक को अमर उजाला ने शीर्षक दिया है काम न होने पर उखड़े पूर्व मंत्री और विधायक, वर्करों की हो रही अनदेखी।

छात्राओं से छेड़छाड़ के दोषी तीन सहायक प्रोफेसर बर्खास्त दिव्य हिमाचल की एक खबर है।

हिमाचल दस्तक के अनुसार पदमश्री डॉक्टर ओमेश भारती को डब्ल्यू एच ओ की पर्यवेक्षीय समिति में मिली अहम जिम्मेदारी।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर आज संसद में फिर जारी रहेगी चर्चा।
- राज्यसभा में उप–सभापति पद के लिए आज होगा चुनाव–केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नडडा नामांकित सदस्य हरिवंश को राज्यसभा के उप सभापति के रूप में चुने जाने का करेंगे प्रस्ताव

- प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज होगी शिमला में–लिए जाएंगे आम जनता को लाभ पहुंचाने से जुड़े कई अहम फैसले।
- हिमाचल प्रदेश में पहली बार ग्लेशियर लेक अर्ली वार्निंग सिस्टम का किया जा रहा प्रशिक्षण–यह सिस्टम किसी भी संभावित खतरे की स्थिति में समय रहते चेतावनी जारी करने में होगा सक्षम
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में 19 अप्रैल तक मौसम खराब रहने की संभावना